**Regarding need to establish a heliport in Kapilvastu in Siddharthnagar district, Uttar Pradesh under UDAN Scheme-laid**

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) :** कपिलवस्तु, जिला सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश, भगवान बुद्ध की जन्मस्थली, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए आस्था का केंद्र है । यह बौद्ध परिपथ के प्रमुख स्थलों में से एक है, जिसमें कुशीनगर, बोधगया, सारनाथ, और श्रावस्ती जैसे स्थान शामिल हैं । सरकार की उड़ान (UDAN) योजना ने इन स्थलों को हवाई संपर्क से जोड़कर यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाई है ।दुर्भाग्यवश, कपिलवस्तु को अभी तक इस योजना के तहत हवाई कनेक्टिविटी या हेलीपोर्ट की सुविधा नहीं मिली है । इससे पर्यटन की संभावनाओं और वैश्विक बौद्ध अनुयायियों की सुविधा प्रभावित हो रही है । कपिलवस्तु में हेलीपोर्ट की स्थापना न केवल कनेक्टिविटी में सुधार करेगी, बल्कि स्थानीय विकास, रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी ।मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि उड़ान योजना के तहत कपिलवस्तु में हेलीपोर्ट की स्थापना को प्राथमिकता दी जाए, जिससे यह स्थल बौद्ध परिपथ के अन्य स्थलों के बराबर सम्मान और सुविधाएं प्राप्त कर सके ।